दिनांक : 14.11.2024 समय : 02.10pm

आकाशवाणी मध्यप्रदेष

प्रादेशिक समाचार

"गीता महोत्सव''

देश में पहली बार गीता पर आधारित विशेष प्रतियोगिता का आयोजन मध्यप्रदेश में होने जा रहा है। राज्य सरकार इस्कॉन के सहयोग से "मूल्य आधारित शिक्षा प्रतियोगिता" का आयोजन कराएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आशा की है कि विद्यार्थी अपने माता–पिता और शिक्षकों के प्रोत्साहन से इस प्रतियोगिता में शामिल होकर इसे अविस्मरणीय बनायेंगे। उन्होंने कहा कि यह एक अद्‌भुत अवसर है कि हम श्रीमद् भागवत गीता के अमूल्य ज्ञान और प्रेरणा को अपने जीवन में आत्मसात करें। यह प्रतियोगिता नवंबर के आखिरी सप्ताह में आयोजित की जाएगी।

'विज़न डॉक्यूमेंट 2047'

राज्य के होटल में स्थानीय व्यंजनों को परोसा जाएगा, मेन्यू में क्षेत्रीय और स्थानीय व्यंजनों को प्रमुखता से शामिल किया जाए। नर्मदापुरम में होने वाली रीजनल इन्वेस्टर समिट में अतिथियों को मिलेट व्यंजन परोसे जाएं। पर्यटन, संस्कृति और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी ने यह बातें कहीं। वे पर्यटन राज्य विकास निगम में समीक्षा बैठक में अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। श्री लोधी ने कहा कि अधिकारी ऐसे प्लान बनाएं कि पर्यटन गतिविधियों के विस्तार और निर्माण की सभी योजनाओं में 2047 का विज़न डॉक्यूमेंट की झलक दिखाई दे। राज्य मंत्री लोधी ने कहा कि हनुवंतिया प्रदेश का प्रमुख पर्यटन स्थल है। यहां अधिक संख्या में होटल और रिजॉर्ट निर्माण की योजना बनाएं। इसके साथ अधिक से अधिक पर्यटन गतिविधियों का संचालन करें ताकि वर्षभर पर्यटक हनुवंतिया आ सकें।

एआई एजुकेषन

मध्य प्रदेष सरकार कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को स्कूल स्कूल षिक्षा में शामिल करने का मन बना रही है। मध्य प्रदेश में विजन डॉक्यूमेंट 2047 के तहत अन्य नवाचार भी किये जा सकते हैं। स्कूल षिक्षा विभाग के मंत्री उदय प्रताप सिंह ने कहा कि स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों की जिज्ञासा का समाधान करने के लिये सरकार स्कूल शिक्षा में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग कर सकती है। मंत्री उदय प्रताप सिंह ने स्कूल शिक्षा विभाग के अफसरों को स्कूलों में नवीन टेक्नोलॉजी के संसाधन उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिये हैं। मंत्री ने नई शिक्षा नीति 2020 में बच्चों को व्यवसायिक शिक्षा से जोड़ने पर भी जोर दिया है। मंत्री ने नई शिक्षा नीति 2020 में बच्चों को व्यवसायिक शिक्षा से जोड़ने पर भी जोर दिया गया है।

एनएचडीसी ऊर्जा

एनएचडीसी द्वारा भोपाल में ऊर्जा संरक्षण पर राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता 2024 का आयोजन किया गया। एनएचडीसी के प्रबंध निदेशक राजीव जैन ने बताया कि भोपाल के न्यू मार्केट स्थित सुभाष यादव भवन में कल आयोजित राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता में प्रदेश भर के 100 स्कूलों के चयनित छात्रों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्कूली विद्यार्थियों मे ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरूक करना औरा आगामी पीढ़ी को  ऊर्जा बचाव का संदेश देना है।

आकाशवाणी स्वच्छता अभियान

प्रसार भारती आकाशवाणी भोपाल द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत भोपाल के कोटरा सुल्तानाबाद के सार्वजनिक उद्यान में श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ''स्वच्छता ही सेवा'' थीम पर आधारित श्रमदान सुबह साढ़े आठ बजे से शुरू हुआ, जिसमें नगर निगम भोपाल का सहयोग रहा। इस श्रमदान अभियान में विधायक भगवानदास सबनानी बतौर मुख्यातिथि शामिल हुए।

आयुष्मान आरोग्य शिविर

राष्ट्रीय आयुष मिशन योजनान्तर्गत बैतूल जिले में समस्त 17 आयुष्मान आरोग्य मंदिर में आज आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया जा रहा है। जिला आयुष अधिकारी डॉक्टर योगेश चौकीकर ने बताया कि परिवार नियोजन, गर्भनिरोधक सेवायें और अन्य प्रजनन स्वास्थ्य देखभाल सेवाये थीम के अनुसार शिविर आयोजित किया जा रहा है, जिसमें जनसमुदाय को अधिक से अधिक स्वास्थ्य लाभ एक दिवस में उपलब्ध कराने का प्रयास होगा। शिविर में आये लाभार्थी को फॉलोअप संबंधित क्षेत्र के आयुष्मान आरोग्य मंदिर आयुष में किया जाएगा एवं औषधीय पौधों की जानकारी दी जाएगी।

जनजातीय गौरव दिवस

शिवपुरी जिले में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती 15 नवंबर को मनाई जाएगी। भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर कई कार्यक्रमों का आयोजन होगा। इस दिन जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया जायेगा। इस अवसर पर जिला स्तरीय समारोह शिवपुरी की ग्राम पंचायत बाँसखेड़ी में आयोजित होगा। कार्यक्रम में जनजातीय उत्थान के लिए संचालित पीएम जनमन योजना एवं जनजातीय ग्राम उत्कृष्ट अभियान के अंतर्गत क्रियान्वयन की जा रही योजनाओं के संबंध में जनसमुदाय को अवगत कराया जाएगा।

................................